देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 16 अंक: 265 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...कम्युनिटी किचेन स्कीम की रूपरेखा



# पेज थ्री

देहरादून, शुक्रवार, 28 जनवरी 2022



मौसम अधिकतम 15.0° न्यूनतम 6.0° | 39243.42 | 2 रूस के खिलाफ अमेरिका ने भरी हुंकार | 7 36 वाला 24 साल वाले पर पड़ेगा भारी

# कोरोना का खतरा बरकरार

## भारत में संक्रमण दर 17.75 फीसदी, देश के 11 राज्यों में 50 हजार से ज्यादा एक्टिव केस

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। मुंबई और दिल्ली में कोरोना संक्रमण के मामलों में भले ही कमी आई है लेकिन कुछ राज्य ऐसे हैं जहां महामारी की नई लहर चिंता पैदा कर रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि देश में कोरोना के कुल 22,02,472 सक्रिय मामले हैं। पिछले एक हफ्ते के दौरान पाजिटिविटी दर 17.75 फीसद रही है। वहीं भारत में कोविड–19 की मौजूदा स्थिति पर NCDC निदेशक ने कहा कि देश में ओमिक्रोन का सब वैरिएंट बीए.2 अब अधिक फैल रहा है।

स्वास्थ्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव लव अग्रवाल ने कहा कि मौजूदा वक्ष्त में 11 राज्यों में 50 हजार से अधिक सक्रिय मामले हैं। वहीं महाराष्ट्र, कर्नाटक और केरल में तीन लाख से अधिक सक्रिय मामले हैं। आंध्र प्रदेश, गुजरात और तमिलनाडु में अभी भी एक से दो लाख सक्रिय मामले हैं। देश में 551 जिलों में केस पॉजिटिविटी पांच फीसद से ज्ध्यादा है। पिछले एक हफ्ते में देश में प्रतिदिन औसतन लगभग तीन लाख मामले रिपोर्ट किए गए हैं। देश में संक्रमण अभी भी बहुत अधिक है।

लव अग्रवाल ने बताया कि देश में पिछले एक हफ्ते में केस पाजिटिविटी लगभग 17.75 फीसद रही है। देश में कोविड–19 रोधी टीकाकरण अभियान में सुचारू रूप से चल रहा है। अब तक 95 फीसद को पहली खुराक जबकि 74 फीसद योग्य व्यक्तियों को कोविड रोधी वैक्सीन की दूसरी खुराक दी जा चुकी है। यही नहीं 97.03 लाख पात्र आबादी को एहतियाती खुराक भी दी जा चुकी है।

वहीं भारत में कोविड–19 पर राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र के निदेशक ने कहा कि देश में ओमिक्रोन का सब वैरिएंट बीए.2 अब अधिक देखा जा रहा है। इसके साथ ही स्वास्थ्य मंत्रालय ने लोगों को सलाह दी कि हर दिन, हर समय कोविड अनुरूप व्यवहारों का पालन करें। दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें और सुरक्षित रहें। मंत्रालय ने बताया कि पिछले एक हफ्ते के दौरान पूरे विश्व में 33 लाख के करीब मामले दर्ज किए गए हैं। यही नहीं दुनियाभर भर में सक्रिय मामलों की संख्या लगभग 6.8 करोड़ दर्ज की गई है।

### वैक्सीनेशन का आंकड़ा 164 करोड़ के करीब पहुंचा

कोरोना संक्रमण के बीच देश में वैक्सीनेशन का काम तेजी से किया जा रहा है। देश में अब तक वैक्सीन की लगभग 164 करोड़ खुराक दी जा चुकी है। साढ़े 93 करोड़ लोगों को पहली खुराक जबकि साढ़े 69 करोड़ दूसरी खुराक दी जा चुकी है। वहीं, 92 लाख से ज्यादा लोगों को अब तक प्रीकाशन डोज लग चुकी है।



### लगातार तीसरे दिन 3 लाख से भी कम केस

देश में कोरोना की रफ्तार अब कम होती दिख रही है। आज फिर कोरोना संक्रमण के तीन लाख से भी कम मामले सामने आए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि देश में आज कोरोना के 2,86,384 नए मामले सामने आए हैं। इस दौरान 573 लोगों की मौत हो गई वहीं, 3,06,357 मरीज ठीक भी हुए हैं। देश में एक्टिव मरीजों की संख्या अब 22,02,472 हो गई है। कोरोना संक्रमण के लगातार तीसरे दिन तीन लाख से कम मामले सामने आए हैं। 24 जनवरी को कोरोना के 2,55,874 नए मामले सामने आए थे। इसके अगले दिन 25 जनवरी को 2,85,914 नए केस दर्ज किए गए।

### कोरोना के खिलाफ लड़ाई में एक और कदम

नई दिल्ली। कोविड–19 रोधी वैक्सीन कोविशील्ड और कोवैक्सिन को बाजार में उतारने का रास्ता साफ हो गया है। देश के औषधि नियामक यानी डीसीजीआई ने कोविशील्ड और कोवैक्सिन को सशर्त बाजार में उतारने को मंजूरी प्रदान कर दी है। आधिकारिक सूत्रों की मानें तो कोरोनारोधी टीके कोविशील्ड और कोवैक्सीन की कीमत प्रति खुराक 275 रुपये और अतिरिक्त सेवा शुल्क 150 रुपये तक सीमित रखने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार, एनपीपीए को टीकों को किफायती बनाने के लिए कीमत सीमित रखने की दिशा में काम शुरू करने का निर्देश दिया गया है। अभी तक निजी अस्पतालों में कोवैक्सीन की कीमत 1,200 रुपये प्रति डोज है, जबकि कोविशील्ड की एक डोज की कीमत 780 रुपये है।

## संक्षिप्त समाचार

### जनवरी 2023 तक 15 वर्ष की उम्र पाने वाले भी टीकाकरण के पात्र

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। कोरोना के खिलाफ जारी लड़ाई में सरकार ने एक बड़ा फैसला लिया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अतिरिक्त सचिव और मिशन निदेशक ने राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को पत्र लिखकर कहा है कि जनवरी 2023 तक 15 वर्ष की आयु प्राप्त करने वाले भी 15 से 18 उम्र वर्ग के तहत कोविड रोधी वैक्सीन लगवाने के लिए पात्र हैं।


### सपा की नई सूची में मायावती के खास रहे लोगों को मौका

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

लखनउ। समाजवादी पार्टी ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश चुनाव के लिए 56 उम्मीदवारों की नई सूची जारी कर दी। इस सूची में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष माता प्रसाद पांडेय को इटावा से टिकट मिला है। फूलपुर पवई से बाहुबली रमाकांत यादव को पार्टी ने मैदान में उतारा है। यहां से रमाकांत के बेटे अरुण यादव भाजपा के विधायक हैं।

# मध्य एशियाई देशों के साथ भारत के रिश्तों की नई शुरुआत

## भारत और मध्य एशिया देशों के कूटनीतिक संबंधों के 30 सार्थक वर्ष पूरे



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। भारत–मध्य एशिया समिट की पहली बैठक में वर्चुअली हिस्सा लेते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत और मध्य एशिया देशों के कूटनीतिक संबंधों ने 30 सार्थक वर्ष पूरे कर लिए हैं। पिछले तीन दशकों में हमारे सहयोगियों ने कई सफलताएं हासिल की हैं।

**भारत के सभी मध्य एशियाई देशों के साथ गहरे संबंध:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत के सभी मध्य एशियाई देशों के साथ गहरे संबंध हैं। कजाखस्तान भारत की ऊर्जा सुरक्षा में एक महत्वपूर्ण भागीदार बन गया है। मैं कजाखस्तान में हाल ही में हुई मौतों पर संवेदना व्यक्त करता हूं। क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए हम सभी की चिंताएं और उद्देश्य एक समान हैं। अफगानिस्तान के घटनाक्रम से हम सभी चिंतित हैं। इस संदर्भ में हमारा आपसी सहयोग क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता के लिए और महत्वपूर्ण हो गया है।

**समिट के तीन उद्देश्यों का उल्लेख**
पीएम ने कहा कि आज के समिट के तीन प्रमुख उद्देश्य हैं। पहला यह स्पष्ट करना कि भारत और मध्य एशिया का आपसी सहयोग क्षेत्रीय सुरक्षा और समृद्धि के लिए अनिवार्य है। भारत की तरफ से मैं स्पष्ट करना चाहूंगा कि मध्य एशिया एक एकीकृत और स्थिर विस्तारित पड़ोस के भारत के दृष्टिकोण का केंद्र है। दूसरा उद्देश्य हमारे सहयोग को एक प्रभावी ढांचा देना है। इससे विभिन्न स्तरों पर और विभिन्न हितधारकों के बीच नियमित बातचीत का एक ढांचा स्थापित होगा और तीसरा उद्देश्य हमारे सहयोग के लिए एक महत्वाकांक्षी रोडमैप बनाना है।

### भारत के लिए कई मायनों में अहम बैठक

पीएम मोदी ने कहा मध्य एशियाई देशों के साथ भारत के रिश्तों की नई शुरुआत गुरुवार को हो रही है। पहले भारत–मध्य एशिया सम्मेलन के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान, किर्गिजस्तान, कजाखस्तान और तुर्कमेनिस्तान के राष्ट्रपतियों के साथ बैठक हुई। वैश्विक कूटनीति के तेजी से बदल रहे समीकरणों को देखते हुए भारत के लिए इस बैठक की बहुत ज्यादा अहमियत है, लेकिन इसके साथ ही कई सारी चुनौतियां भी दिख रही हैं।

# भारत के 73वें गणतंत्र दिवस पर विश्व नेताओं ने दी बधाई

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को भारत के 73वें गणतंत्र दिवस पर बधाई और शुभकामनाओं के लिए विश्व नेताओं को धन्यवाद दिया। पीएम मोदी ने भूटान के प्रधानमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा, भारत के गणतंत्र दिवस पर आपकी शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद। भारत भूटान के साथ अपनी अनूठी और स्थायी दोस्ती को बहुत महत्व देता है। सरकार और भूटान के लोगों को ताशी डेलेक। हमारे संबंध और मजबूत हों।

भूटान के प्रधानमंत्री लोटे शेरिंग ने पीएम मोदी और भारत के लोगों को बधाई देते हुए कहा था, भारत के इस गणतंत्र दिवस पर भूटान के लोग और मैं भारत के लोगों को अपनी शुभकामनाएं देते हैं। पीएम मोदी ने गणतंत्र दिवस पर बधाई देने के लिए नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा को भी धन्यवाद दिया। देउबा के ट्वीट के जवाब में पीएम मोदी ने कहा, प्रधानमंत्री शेरबी देउबा का हार्दिक अभिनंदन के लिए धन्यवाद। हम अपनी दोस्ती को मजबूती देने के लिए मिलकर काम करना जारी रखेंगे। मारीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जगन्नाथ ने भी 73वें गणतंत्र दिवस पर भारत को शुभकामनाएं दीं। पीएम मोदी ने कहा, धन्यवाद प्रधानमंत्री जगन्नाथ कुमार आपकी हार्दिक शुभकामनाओं के लिए। हमारे देशों के बीच असाधारण और बहुआयामी साझेदारी लगातार मजबूत होती जा रही है।

मालदीव के राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह ने भी ट्विटर पर पीएम मोदी, राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द और भारत के लोगों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। सोलिह ने ट्वीट करते हुए कहा, भारत के 73वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राष्ट्रपति और भारत की जनता को बधाई और शुभकामनाएं।

### शुभकामनाएं

- पीएम ने विश्व नेताओं को दिया धन्यवाद


Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# 69 साल बाद टाटा की हुई एयर इंडिया

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। एयर इंडिया की कमान पूरी तरह से टाटा समूह को सौंप दी गई। इसके साथ ही एयर इंडिया के विनिवेश की प्रक्रिया पूरी हो गई यानी 69 साल बाद एयर इंडिया की घर वापसी हो गई। इसके साथ ही एयर इंडिया के विनिवेश की प्रक्रिया पूरी हो गई।

दीपम सचिव तुहीन कांत पांडेय ने कहा कि एयर इंडिया में सरकार की पूरी हिस्सेदारी टाटा संस की सब्सिडियरी कंपनी टैलेस प्राइवेट लिमिटेड को ट्रांसफर कर दी गई है। अब से एयर इंडिया का नया मालिक टाटा ग्रुप है।

इस आधिकारिक हैंडओवर से पहले टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद चंद्रशेखरन सीधे नई दिल्ली में एयर इंडिया के ऑफिस पहुंचे। इस मौके पर टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने कहा कि यह प्रक्रिया पूरी हो गई है। एयर इंडिया की घर वापसी से हम काफी खुश हैं। अब हमारी कोशिश इस एयरलाइन को वर्ल्ड क्लास बनाने की है।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले एन चंद्रशेखरन